अध्याय - XIV

विभागीय लेखा संगठन और ढांचा

विभाग का लेखा प्रभाग, मुख्य लेखा नियंत्रक के समग्र प्रभार में है जो निम्नलिखित प्रमुख कार्यों के निष्पादन के लिए जिम्मेदार है : -

- विभिन्न पक्षों, स्वायत्त निकायों, सोसाइटियों एवं संघों और राज्य सरकारों को भुगतान करना ।
- राष्ट्रीय राजमार्गों पर विभिन्न कार्यों पर होने वाले व्यय के लिए राज्यों को प्रत्यक्ष भुगतान प्रक्रिया ।
- सड़क परिवहन और राजमार्ग विभाग की प्राप्तियों को स्वीकार करना, उनका लेखा बनाना और बजट बनाना ।
- केंद्रीय लेन-देन के मासिक लेखे, विनियोजन लेखे (अनुदान सं. 79) और विवरण तैयार करना और उनको लेखा महा नियंत्रक, व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार को प्रस्तुत करना ।
- सड़क परिवहन और राजमार्ग विभाग तथा पोत परिवहन विभाग के कार्य निष्पादन बजट सहित वार्षिक बजट तैयार करना और इस वर्ष के लिए बजट प्रक्रिया में वित्त मंत्रालय के साथ समन्वय स्थापित करना ।

14.1.2 वर्ष 2004-05 के दौरान वास्तविक व्यय का प्रोफाइल **अनुबंध- IX** पर दिया गया है ।

14.1.3 वर्ष 2004-05 के लिए अनुदान संख्या-79-सड़क परिवहन और राजमार्ग विभाग के संबंध में बचत और आधिक्य व्यय के ब्योरे **अनुबंध-X** में दर्शाए गए हैं ।

14.1.4 वर्ष 2004-05 के लिए धनराशि के स्रोत और उनके उपयोग (अनुप्रयोग) क्रमशः **अनुबंध- XI** और **अनुबंध- XII** में दर्शाए गए हैं ।